संपादकीय

# देश में खेल क्रांति संभव

देश की दो कम उम्र बेटियों ने ऐसा कमाल किया है, जिसे वर्षो भुलाया नहीं जा सकेगा। मात्र 15 साल की प्रीति स्मिता भोई ने विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 40 किलो वर्ग के क्लीन और जर्क में 76 किलो वजन उठाने का विश्व यूथ रिकॉर्ड बनाने के साथ कुल 133 किलो वजन उठाया।

वहीं 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने नेपाल की तरफ से एवरेस्ट पर सफल अभियान किया है। वह यह उपलब्धि पाने वाली देश की सबसे छोटी पर्वतारोही हैं। इन दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि कोई बात मन में ठान ली जाए तो उसे पूरा किया जा सकता है।

प्रीति स्मिता ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने मात्र दो साल की उम्र में ही पिता को खो दिया था। पर मां ने अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का बलिदान दिया और उसका केंद्रीय विद्यालय में दाखिला करा दिया।

वहां कोच गोपाल कृष्ण दास की उनके ऊपर निगाह पड़ी तो उन्होंने प्रीति को वेटलिफ्टर बनने की सलाह दी। और आज हमारे सामने विश्व रिकॉर्डधारी खड़ी है। वहीं काम्या एक सपन्न परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

उनके पिता एस कार्तिकेयन नौसेना में कमांडर हैं। पिता ने बेटी को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भरपूर साथ दिया है। वह इस अभियान में भी काम्या के साथ एवरेस्ट तक गए थे। मुंबई के नौसेना विद्यालय में 12वीं में पढ़ने वाली काम्या ने नेपाल की तरफ से सफल अभियान करके सबसे कम उम्र में अभियान पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों प्रदर्शन यह जताते हैं कि भारत में विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं की तो कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें आगे लाने की है।

हमारे यहां पहले भी तमाम युवाएं प्रतिभाएं कमाल करती रहीं हैं। पर इस तरह के मामले में अक्सर खिलाड़ी अपनी इच्छा शक्ति के दम पर तमाम मुश्किलों का सामना करके आगे आते रहे हैं। हमने धाविका हिमा दास जैसे तमाम एथलीटों को घर से प्रशिक्षण स्थल तक पहुंचने में तमाम बाधाओं को पार करने की तमाम कहानियां पढ़ी हैं।

अगर देश में दूरस्थ स्थानों तक खेल सुविधाओं का नेटवर्क फैलाया जाए तो देश में खेल क्राति संभव है। हम यदि ऐसा कर सके तो दो-तीन दर्जन पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को चार चांद लगते देख सकेंगे।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से वापस मंगाया 100 टन सोना, 1991 के बाद पहली बार मंगाया इतना ज्यादा गोल्ड

नईदिल्ली



भारतीय रिज़र्व बैंक ने 1991 के बाद से पहली बार ब्रिटेन से 100 टन से ज़्यादा सोना वापस भारत लाकर अपने भंडार में रखा है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले सालों में भी ऐसा किया जा सकता है। अभी तक आरबीआई का ज़्यादातर सोना (आधे से ज़्यादा) विदेशों में, खासकर ब्रिटेन के बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स में सुरक्षित रखा जाता था। बचा हुआ सोना भारत में ही रखा जाता है। इस सोने को वापस लाने से आरबीआई को ब्रिटेन के बैंक को चुकाने वाले भंडारण शुल्क की बचत भी होगी।

आरबीआई के सालाना आंकड़ों के अनुसार, मार्च 31, 2024 तक भारत के पास विदेशी मुद्रा भंडार के रूप में कुल 822.10 टन सोना था, जो कि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 794.63 टन सोने से ज़्यादा है। 1991 में, चंद्र शेखर सरकार ने भुगतान संकट से निपटने के लिए विदेशी बैंकों के पास 46.91 टन सोना गिरवी रखा था।

करीब 15 साल पहले, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 200 टन सोना खरीदा था। 2009 में, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए, यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान, भारत ने अपनी संपत्ति में विविधता लाने के लिए 6.7 बिलियन डॉलर मूल्य का 200 टन सोना खरीदा था।

पिछले कुछ वर्षों में, रिज़र्व बैंक द्वारा खरीदारी के माध्यम से सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हुई है। रिज़र्व बैंक के भंडार में सोना रखने का मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति और विदेशी मुद्रा जोखिमों के खिलाफ बचाव के रूप में अपनी विदेशी मुद्रा संपत्ति के आधार में विविधता लाना है। आरबीआई ने दिसंबर 2017 से नियमित रूप से बाजार से सोना जमा करना शुरू कर दिया है। देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी दिसंबर 2023 के अंत में 7.75 प्रतिशत से बढक़र अप्रैल 2024 के अंत तक लगभग 8.7 प्रतिशत हो गई है।

देश के भीतर, सोना मुंबई के मिंट रोड पर आरबीआई की इमारत के साथ-साथ नागपुर में भी तिजोरियों में रखा जाता है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक केंद्रीय बैंकों के पास अब तक खनन किए गए सभी सोने का लगभग 17 प्रतिशत स्वामित्व है, जिसमें वर्ष 2023 के अंत तक भंडार 36,699 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। उन्होंने 2010 में धातु के शुद्ध खरीदार बनने के बाद पिछले 14 वर्षों में इसका अधिकांश हिस्सा हासिल कर लिया।

## बैन रोकने के लिए केवल यूएस एल्गोरिदम लाने की रिपोर्ट का टिकटॉक ने किया खंडन

नई दिल्ली




अमेरिका में बैन का सामना कर रहे चीनी शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक ने शुक्रवार को उस मीडिया रिपोर्ट का खंडन कर दिया, जिसमें ये बताया गया था कि कंपनी अपने सोर्स कोड को बांटने का काम कर रही है और केवल यूएस के लिए एक अलग एल्गोरिदम लाने जा रही है।

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि टिकटॉक एक नए वर्जन पर काम कर रहा है और इसकी एल्गोरिदम प्रवर्तक कंपनी बाइटडांस की ओर से ऑपरेट किए जाने वाले वर्जन डौयिन से बिल्कुल स्वतंत्र रूप में कार्य करेगी।

टिक टॉक की ओर से सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया कि रॉयटर्स की ओर से आज जो स्टोरी पब्लिश की गई है वह पूरी तरह गलत है।

कंपनी ने अपनी कोर्ट फाइलिंग में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका में टिकटॉक के ऑपरेशन जारी रखने के लिए एक्ट द्वारा की गई विनिवेश की मांग न व्यावसायिक रूप से, न तकनीकी रूप से, न कानूनी रूप से बिल्कुल भी संभव नहीं है।

टिकटॉक ने आगे कहा कि एक्ट द्वारा दी गई 270 दिनों की टाइमलाइन में यह नहीं हो सकता। बता दें, चीनी कंपनी की ओर से बैन को रोकने के लिए कई कोशिशें की गई हैं। इस महीने की शुरुआत में टिक टॉक और उसकी प्रवर्तक कंपनी की ओर से अदालत में अमेरिकी सरकार के खिलाफ केस दायर किया गया है, जिसमें कहा गया कि सरकार बाइटडांस को अपना लोकप्रिय ऐप बेचने का दबाव बना रही है। अगर ऐसा नहीं होता है कि ऐप को बैन कर दिया जाएगा।

पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने टिक टॉक बैन का बिल साइन किया था। इसे यूएस कांग्रेस के दोनों हाउस में पास करा लिया गया है।

बाइटडांस को टिकटॉक को किसी गैर-चीनी कंपनी को बेचने के लिए 270 दिनों का समय दिया गया है। यदि अमेरिकी राष्ट्रपति आवश्यक मानते हैं तो इसमें 90 दिनों के विस्तार की भी संभावना है।

## बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है, लेकिन अगले सत्र में वह घरेलू क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगी। दक्षिण अफ्रीका में जन्मी बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने 2014 में दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू किया था। हालांकि, इसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं और 2018 में व्हाइट फर्न्स के लिए डेब्यू किया। वह उन 9 महिला क्रिकेटरों में से एक हैं, जिन्होंने दो देशों का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार वनडे, सात टी20 मैच और न्यूजीलैंड के लिए 16 वनडे, 22 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बर्नडाइन बेजुइडनहॉट के हवाले से कहा, यह बहुत शानदार सफर रहा है। व्हाइट फर्न्स के लिए खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। यहां मुझे मेरे जीवन की सबसे प्यारी यादें मिलीं। इस यात्रा ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है और मैं हमेशा उन सभी की आभारी रहूंगी, जो मेरे साथ इस राह पर रहे हैं।

## मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला: सीतारमण

नईदिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है।

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

मंत्री ने कहा, यह दुख की बात है कि विपक्षी नेता अब भी 'राइट-ऑफ' और माफी के बीच अंतर नहीं कर पा रहे हैं। आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'राइट-ऑफ' के बाद बैंक सक्रिय रूप से डूबे कर्ज की वसूली करते हैं। किसी भी उद्योगपति के ऋण को माफ नहीं किया गया है। 2014 से 2023 के बीच बैंकों ने खराब ऋणों से 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की है।

इस क्षेत्र के कुप्रबंधन के लिए कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) संकट के बीज कांग्रेस नीत संप्रग काल में फोन बैंकिंग के जरिए बोए गए थे, जब संप्रग नेताओं तथा पार्टी पदाधिकारियों के दबाव में अयोग्य व्यवसायों को ऋण दिए गए।

मंत्री ने कहा, मोदी सरकार हमारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत और स्थिर करने के लिए निर्णायक कदम उठाना जारी रखेगी तथा यह सुनिश्चित करेगी कि बैंक 2047 तक विकसित भारत के वृद्धि पथ पर भारत का समर्थन करें।

## टी20 विश्व कप : वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को वॉर्मअप मैच में हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन

टी20 विश्व कप 2024 के सह-मेजबान वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट के वॉर्म-अप मैच में भारतीय समयानुसार शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 35 रन से हरा दिया।

क्वींस पार्क ओवल में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने चार विकेट के नुकसान पर 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए।

कप्तान रोवमैन पॉवेल (52), शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन) और सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (40) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दो बार के चैंपियन ने शानदार पावर-हिटिंग से घरेलू दर्शकों का रोमांच डबल कर दिया।

वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की खूब धुनाई की। एडम ज़म्पा ने अपने चार ओवरों में 62 रन दिए और दो विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एकमात्र अर्धशतक जोश इंग्लिस के बल्ले से निकला। इंग्लिस ने 55 रन बनाए।

स्पिनर गुडाकेश मोती (2/31) और तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (2/44) ने मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे।

इस साल का टी20 विश्व कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 6 जून को ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि वेस्टइंडीज अपना पहला मैच पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 2 जून को खेलेगा।

विश्व कप के सह-मेजबान वेस्टइंडीज के लिए यह एक शानदार शुरुआत है। बीते कुछ साल इस धाकड़ टीम के लिए ज्यादा अच्छे नहीं रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की फुल स्ट्रेंथ टीम को हराना उनके आगामी विश्व कप की मजबूत तैयारियों की गवाही दे रहा है।

विश्व कप के लिए दोनों टीमें-

वेस्टइंडीज: रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, ओबेड मैकॉय, अकील होसेन, गुडाकेश मोती और शेरफेन रदरफोर्ड।

ऑस्ट्रेलिया: मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

## कोरियाई जोड़ी को अपसेट कर ट्रीसा-गायत्री पहली बार सुपर 750 सेमीफाइनल में



सिंगापुर

अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए भारत की महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जोली और गायत्री गोपीचंद ने एक और कोरियाई जोड़ी,विश्व की छठे नंबर की किम सो येओंग और कोंग ही योंग को शुक्रवार को रोमांचक क्वार्टरफाइनल में हराकर पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व रैंकिंग में 30वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने पहला गेम हराने के बाद शानदार वापसी करते हुए 18-21, 21-19, 24-22 से जीत हासिल की और पहली बार बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी।

ट्रीसा और गायत्री का सेमीफाइनल में सामना शनिवार को जापान की नामी मत्सुयामा-चिहारू शिफा और इंडोनेशिया की अप्रियानी रहायु-सीती फादिया सिल्वा रामधंती के बीच दूसरे क्वार्टर फाइनल की विजेता से होगा।

टूर्नामेंट में इससे पहले युवा भारतीय जोड़ी ने विश्व की दूसरे नंबर की कोरियाई जोड़ी बेक ना हा और ली सो ही को राउंड 16 में एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-9, 14-21, 21-15 से हराया था।

ट्रीसा और गायत्री इस 750 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बचे हैं। गुरूवार को भारत की शीर्ष खिलाड़ी पीवी सिंधु और एच एस प्रणय को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन आपके जीवन में नई ख़ुशी लेकर आएगा। व्यापार में निवेश के लिए आज पूरा दिन आपके पक्ष में रहेगा। घर में किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार के माहौल में उत्साह रहेगा।

***वृष-*** आज आपके दिन की शुरुआत नई उमंगों के साथ होगा। घर के लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र आज अपने सीनियर्स से प्रोजेक्ट को पूरा करने में मदद लेंगे।

***मिथुन-*** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको बहुत ख़ुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

***कर्क-*** आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशियाँ लाएगा। आज ऑफिस में आपका प्रोमोशन होगा। ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को आज किसी कस्टमर से अच्छा मुनाफा होगा।

***सिंह-*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों का आज पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपके जीवन में खुशी बनी रहेगी। फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा।

***कन्या-*** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। बिजनेस में आज अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपको कार्य करने का तरीका सिखाएगी। आज दूसरों को समझाने से पहले खुद की कमियों को देखें।

***तुला-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लाने वाला है। आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आप नए काम करने का मन बनाएंगे। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन का विचार करेंगे।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूढेंगे। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों को रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य को सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

***धनु-*** आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। आप को अपने बड़ों से आशीर्वाद मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका पाएंगे।

***मकर-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कुछ दिन पहले जॉब के लिए किये आवेदन का आज अच्छा रेस्पोंस आएगा। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा जिससे अच्छा लाभ होगा।

***कुंभ-*** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बड़ों की सलाह से बिजनेस को नए रास्ते पर लाने का प्रयास सफल होगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आज आप गाड़ी चलाना सिखने का मन बनाएंगे।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। घर में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। लोहे का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में आज बढ़ोत्तरी होगी।

## नेहा शर्मा की वेब सीरीज 36 डेज का ट्रेलर जारी, मर्दों को प्यार के जाल में फंसाकर किसे बेनकाब करने आईं है फराह



एक्ट्रेस नेहा शर्मा की मोस्ट पॉपुलर सीरीज 'इल्लीगल' का सीजन 3 आज ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हो गया है. इस सीरीज के दो सीजन काफी हिट रहे थे वहीं तीसरे सीजन को भी काफी पसंद किया जा रहा है. वहीं नेहा शर्मा की एक और अपकमिंग सस्पेंस-थ्रिलर सीरीज 36 डेज़- सीक्रेट इज इंजूरियस टू हेल्थ का ऑफिशियल ट्रेलर भी आज रिलीज कर दिया गया गैय..

सीरीज में नेहा एक रहस्मय महिला के किरदार मे हैं. ट्रेलर की शुरुआत बैकग्राउंड से आवाज आती है हमारी नई टेनेंट मिली थी मुझे. ये सुनकर कोई और पूछता है कैसी है. इसके बाद नेहा शर्मा बिकिनी पहने हुए पूल में उतरती हुई नजर आती हैं. वहीं कुछ पड़ोस के मर्द उन्हें घूरते हुए नजर आते हैं. इसके बाद शो में शारिब हाशमी की एंट्री होती है और वे नेहा से मुलाकात करने के बाद कहते हैं मैं ऋषिकेश जयकर.

इसके बाद फिर बैकग्राउंड से एक फीमेल वॉइस आती है जो कहती है तू भी हर किसी की तरह उसे घास डालने की सोच रहा है क्या. इसके बाद शुरू होती है सस्पेंस से भरी कहानी. नेहा कहती नजर आती हैं किसी को खोने का दर्ज मुझसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता.

## विक्रांत मैसी की ब्लैकआउट का ट्रेलर जारी, सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर हैं फिल्म



पिछले साल अपनी फिल्म '12वीं फेल' की सफलता का आनंद लेने के बाद एक्टर विक्रांत मैसी ने खूब वाहवाही लूटी। इस फिल्म की दर्शकों ने काफी तारीफें की। विक्रांत अब अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर कॉमेडी फिल्म ब्लैकआउट की ओटीटी रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में मौनी रॉय और सुनील ग्रोवर भी हैं। ब्लैकआउट का ट्रेलर आज पहले सोशल मीडिया पर जारी किया गया था और यह थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी की रोलरकोस्टर सवारी है।

आपको बता दें कि विक्रांत मैसी और मौनी रॉय की ब्लैकआउट के निर्माताओं ने यूट्यूब पर ब्लैकआउट का ट्रेलर लॉन्च किया। वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिखा है, एक नॉर्मल सफर को पीड़ित बनाना कोई इनसे (हमसे) सिखे।

## कोल्ड ड्रिंक के बजाय गर्मियों में पिएं ये फ्रूट जूसेस

चिलचिलाती गर्मी के मौसम में थक गए हैं, तो कोल्ड ड्रिंक के बजाय मौसमी फलों से बने जूस को पीकर अपनी प्यास बुझाएं. यह फल आपको तरोताजा महसूस करवाने के साथ ही शरीर को ठंडा रखते हैं. आइये जानें इनकी रेसिपी.

स्ट्रॉबेरी तुलसी कूलिंग ड्रिंक एक गिलास में ताजी स्ट्रॉबेरी को तुलसी की पत्तियों के साथ मसल लें. इसमें थोड़ा सा नींबू का रस और थोड़ा सा शहद मिलाएं. फिज़्ज़ी ट्रीट के लिए बर्फ के टुकड़े और थोड़ा सोडा/स्पार्कलिंग पानी मिलाएं.

जामुन कूलर जामुन अपने एंटीऑक्सीडेंट और कूलिंग गुणों के लिए जाना जाता है, जो गर्म मौसम के दौरान शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है. इसके अलावा, जामुन इंसुलिन संवेदनशीलता और उच्च शर्करा को प्रबंधित करने में भी मदद करता है. इस ड्रिंक को बनाने के लिए बस पके हुए जामुनों को नींबू के रस, सेंधा नमक और थोड़े से शहद के साथ मिलाएं. मिश्रण को छान लें और बर्फ के टुकड़ों के ऊपर डालें. ताज़ा स्वाद के लिए कुछ पुदीने की पत्तियों से गार्निश करें.

पाइनएप्पल जिंजर जूस इस रिफ्रेशिंग ड्रिंक को बनाने के लिए, ताज़ा अनानास के टुकड़ों को कसे हुए अदरक और नींबू के रस के साथ मिलाएं. मिश्रण को छान लें और बर्फ के ऊपर डालें. चीनी और सेंधा नमक डालकर सजाएं और आनंद लें!

तरबूज का जूस इस आसान ड्रिंक रेसिपी को बनाने के लिए, तरबूज के टुकड़ों में थोड़ा शहद, नीबू का रस, काली मिर्च और सेंधा नमक मिलाएं. बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें और आनंद लें!

आम पन्ना कच्चे आमों को नरम होने तक उबालें, फिर छीलकर गूदे की प्यूरी बना लें. गूदे को पानी, चीनी या गुड़, भुना जीरा पाउडर, काला नमक और पुदीने की पत्तियों के साथ मिला लें. एक्स्ट्रा कूलिंग के लिए बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें. कच्चा आम विटामिन सी और फाइबर और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो डाइजेशन को बढ़ावा देने में मदद करता है और गर्मियों में शरीर को ठंडा रखता है.

बेल शर्बत बेल शर्बत एक क्लासिक इंडियन ड्रिंक है, जो पके बेल के फल से गूदा निकालकर बनाया जाता है. इसमें चीनी या गुड़, एक चुटकी काला नमक और थोड़ा सा भुना हुआ जीरा पाउडर मिलाएं. अच्छी तरह हिलाएँ और ठंडा-ठंडा परोसें.

## शब्द सामर्थ्य- 74

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | | 16 | ■ |
| | ■ | | | ■ | 17 | | 18 | |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 073 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.073 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |